# शरण में आ गया मैया ना खाली हाथ जाऊंगा भजन लिरिक्स

शरण में आ गया मैया,
ना खाली हाथ जाऊंगा,
सफल कर कामना मेरी,
विमल यश रोज गाऊंगा,
शरण में आ गया मईया,
ना खाली हाथ जाऊंगा।bd।

---

तू मैया जग की पालक,
मैं भी हूँ तेरा बालक,
क्यों ममता तज कर रूठी,
बता माता,
मैं बालक माँ तुम्हारा हूँ,
तुम्हारा ही कहाऊंगा,
शरण में आ गया मईया,
ना खाली हाथ जाऊंगा।bd।

---

जग सारा है माँ खारा,
बस तेरा एक सहारा,
मैं जाँच के सबको हारा,
मेरी माता,
सहारा पा तेरा जननी,
दुखो को मैं भुलाऊँगा,
शरण में आ गया मईया,
ना खाली हाथ जाऊंगा।bd।

---

जो तेरा ध्यान लगावे,
सुख सम्पति वो पा जावे,
फिर क्यों मुझको कलपावे,
मेरी माता,
करो स्वीकार माँ पूजा,
चरण रज शीश लगाऊंगा,
शरण में आ गया मईया,
ना खाली हाथ जाऊंगा।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

माँ लख चौरासी भोगी,
फिर नर तन पायो जोगी,
क्या अब भी सुध ना लोगी,
मेरी माता,
भला हूँ या बुरा फिर भी,
तेरा सेवक कहाऊंगा,
शरण में आ गया मईया,
ना खाली हाथ जाऊंगा।bd।

---

शरण में आ गया मैया,
ना खाली हाथ जाऊंगा,
सफल कर कामना मेरी,
विमल यश रोज गाऊंगा,
शरण में आ गया मईया,
ना खाली हाथ जाऊंगा।bd।

**Singer – Saurabh Madhukar**

---

https://youtu.be/RplHd3bZ5sU

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com